रोल नं.

Roll No.

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **69/S**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **35** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

**NOTE**

(I) Please check that this question paper contains **19** printed pages.

(II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) Please check that this question paper contains **35** questions.

(IV) **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

#

# गृह विज्ञान (सैद्धान्तिक)

# HOME SCIENCE (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **70***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **70***

• • •

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***35*** *प्रश्न हैं।*

*(iii)* *प्रश्न-पत्र को* **चार** *खण्डों में विभाजित किया गया है —* ***खण्ड क, ख, ग*** *तथा* **घ** *।*

*(iv)* ***खण्ड क*** *में प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***14*** *(बहुविकल्पीय प्रश्न) हैं और प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है।*

*(v)* ***खण्ड ख*** *में प्रश्न संख्या* ***15*** *से* ***18*** *(केस स्टडी-आधारित प्रश्न) हैं और प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है।*

*(vi)* ***खण्ड ग*** *में प्रश्न संख्या* ***19*** *से* ***25*** *प्रत्येक* ***2*** *अंकों के तथा प्रश्न संख्या* ***26*** *से* ***29*** *प्रत्येक* ***3*** *अंकों के हैं।*

*(vii)* ***खण्ड घ*** *में प्रश्न संख्या* ***30*** *से* ***33*** *प्रत्येक* ***4*** *अंकों के तथा प्रश्न संख्या* ***34*** *और* ***35*** *प्रत्येक* ***5*** *अंकों के हैं।*

*(viii)* *कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

*(ix)* *जहाँ भी आवश्यक हो, उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तरों का समर्थन कीजिए।*

## खण्ड क
## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प खाद्य उत्पादन को सबसे अच्छी तरह से परिभाषित करता है ? *1*

(A) सुरक्षा काल (शेल्फ़ लाइफ़) बढ़ाने के लिए खाद्य संरक्षण और भंडारण

(B) पोषक मूल्य बढ़ाने के लिए खाद्य प्रबलीकरण

(C) विविध उपभोक्ता माँगों को पूरा करने के लिए खाद्य सेवा और आतिथ्य सत्कार

(D) खाद्य प्रसंस्करण और प्रौद्योगिकी द्वारा सुरक्षित और सुविधाजनक खाद्य उत्पादों का निर्माण

**2.** मानव और मशीन का सामंजस्य क्या कहलाता है ? *1*

(A) सुकार्यिकी (एर्गोनॉमिक्स)

(B) उद्यमिता

(C) मानव संसाधन प्रबंधन

(D) मानवमिति

**3.** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 को किस वर्ष में एक नए अधिनियम द्वारा प्रतिस्थापित किया गया ? *1*

(A) 2000 (B) 2005

(C) 2020 (D) 2019

• • •

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and strictly follow them :*

*(i)* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *This question paper contains* ***35*** *questions.*

*(iii)* *The question paper is divided into* ***four*** *sections –* ***Sections A, B, C*** *and* ***D****.*

*(iv)* ***Section A*** *has questions no.* ***1*** *to* ***14*** *(Multiple Choice Questions) of* ***1*** *mark each.*

*(v)* ***Section B*** *has questions no.* ***15*** *to* ***18*** *(Case study-based questions) of* ***1*** *mark each.*

*(vi)* ***Section C*** *has questions no.* ***19*** *to* ***25*** *of* ***2*** *marks each and questions no.* ***26*** *to* ***29*** *of* ***3*** *marks each.*

*(vii)* ***Section D*** *has questions no.* ***30*** *to* ***33*** *of* ***4*** *marks each and questions no.* ***34*** *and* ***35*** *of* ***5*** *marks each.*

*(viii)* *Internal choices are given in some questions.*

*(ix)* *Support your answers with suitable examples wherever required.*

## SECTION A
## (Multiple Choice Questions)

**1.** Which of the following best defines food manufacturing ? *1*

(A) Food preservation and storage to enhance shelf life

(B) Food fortification to enhance nutritive value

(C) Food service and hospitality to meet diverse consumer demands

(D) Food processing and technology to produce safe and convenient foods

**2.** Adjustment of human and machine is known as : *1*

(A) Ergonomics

(B) Entrepreneurship

(C) Human Resource Management

(D) Anthropometry

**3.** The Consumer Protection Act, 1986 has been replaced by a new Act in which year ? *1*

(A) 2000 (B) 2005

(C) 2020 (D) 2019

• • •

**4.** प्रमुख समाचार पत्र 'हिंदुस्तान टाइम्स' ने छतेरा गाँव के लोगों को सेवाएँ और लाभ पहुँचाने में क्या भूमिका निभाई ? *1*

(A) ग्रामीणों को वित्तीय सहायता प्रदान की

(B) स्थानीय नेताओं के चुनाव करवाए

(C) प्रेस की शक्ति का उपयोग करके गाँव के लोगों की समस्या का समाधान किया

(D) गाँव वालों के खिलाफ़ अभियान चलाया

**5.** (क) एक व्यक्ति थकान, साँस फूलना और आँखों व नाखूनों में पीलेपन का अनुभव करता है। यह लक्षण किस पोषण तत्त्व की कमी से होने वाले हीनता विकार के सूचक हैं ? *1*

(A) लौह तत्त्व की कमी से अरक्तता

(B) विटामिन D की कमी

(C) चेचक

(D) आयोडीन हीनता विकार

**अथवा**

(ख) मध्याह्न भोजन कार्यक्रम निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है ?

(A) पोषण हीनता नियंत्रण कार्यक्रम

(B) आहार पूरक कार्यक्रम

(C) भोजन सुरक्षा कार्यक्रम

(D) वैतनिक रोज़गार योजना

**6.** खाद्य गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में जीविका के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उपयुक्त है ? *1*

(A) नैदानिक आहार विशेषज्ञ (B) पर्यावरण वैज्ञानिक

(C) कैमिस्ट (D) खाद्य निरीक्षक

**7.** भारतीय संविधान का कौन-सा 'अनुच्छेद' राज्य के अधीन किसी भी कार्यालय में रोज़गार और नियुक्ति से संबंधित मामलों में सभी नागरिकों के लिए अवसर की समानता की गारंटी देता है ? *1*

(A) अनुच्छेद 48(1) (B) अनुच्छेद 16(1)

(C) अनुच्छेद 22(1) (D) अनुच्छेद 52(1)

**8.** संसाधित खाद्य के प्रकार का उसके उदाहरण के साथ सही युग्म का चुनाव कीजिए : *1*

(A) फॉर्मूलाबद्ध खाद्य : केक

(B) संरक्षित खाद्य : गेहूँ

(C) विनिर्मित खाद्य : हिमशीतित मटर

(D) खाद्य व्युत्पन्न : ताज़े फल

**4.** What role did the leading newspaper 'Hindustan Times' play in bringing services and benefits to the people of Chhatera village ? *1*

(A) Provided financial aid to the villagers

(B) Held elections of local leaders

(C) Utilised the power of press to get solutions to problems of the villagers

(D) Launched a campaign against the villagers

**5.** (a) A person experiences fatigue, shortness of breath and paleness in eyes and nails. These symptoms are indicators of which nutritional deficiency disorder ? *1*

(A) Iron deficiency anaemia

(B) Vitamin D deficiency

(C) Smallpox

(D) Iodine-deficiency disorder

**OR**

(b) Mid-day meal programme is an example of which of the following ?

(A) Nutrient deficiency control programme

(B) Food supplementation programme

(C) Food security programme

(D) Wage employment scheme

**6.** Which of the following option is suitable for a career in the field of Food Quality and Food Safety ? *1*

(A) Clinical nutritionist (B) Environmental scientist

(C) Chemist (D) Food inspector

**7.** Which 'Article' of the Constitution of India guarantees equality of opportunity for all citizens in matters relating to employment and appointment to any office under the State ? *1*

(A) Article 48(1) (B) Article 16(1)

(C) Article 22(1) (D) Article 52(1)

**8.** Choose the correct pair of the type of processed food with its example : *1*

(A) Formulated food : Cake

(B) Preserved food : Wheat

(C) Manufactured food : Frozen peas

(D) Food derivatives : Fresh fruits

• • •

**9.** निम्नलिखित में से किस पोषक तत्त्व की कमी से रतौंधी हो सकती है ? *1*

(A) फॉलिक अम्ल (B) ज़िंक

(C) विटामिन ए (D) राइबोफ़्लेविन

**10.** धुलाई उद्योग में जल निष्कासकों का क्या कार्य है ? *1*

(A) वस्त्रों को धोना और साफ़ करना

(B वस्त्रों को सुखाना और प्रेस करना

(C) इस्त्री करना और वस्त्रों की सलवटें हटाना

(D) वस्त्रों से 60 – 70 प्रतिशत नमी को हटाकर कपड़े सुखाना

**11.** सूची-I में दिए गए खाद्य संकट का मिलान सूची-II में दिए उसके उदाहरण से कीजिए। *1*

| | *सूची-I (खाद्य संकट)* | | *सूची-II (उदाहरण)* |
|---|---|---|---|
| i. | भौतिक संकट | 1. | कीटनाशक |
| ii. | रासायनिक संकट | 2. | मक्खी |
| iii. | दिखाई देने वाले जैविक संकट | 3. | विषाणु |
| iv. | दिखाई न देने वाले सूक्ष्मजैविक संकट | 4. | पंख |

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) i – 2, ii – 4, iii – 1, iv – 3 (B) i – 4, ii – 1, iii – 2, iv – 3

(C) i – 3, ii – 1, iii – 4, iv – 2 (D) i – 3, ii – 4, iii – 2, iv – 1

**12.** सूची-I में दिए गए विकास संचार शब्द / उसकी विधियों के उदाहरणों का मिलान सूची-II में दिए उनसे संबंधित वर्ष से कीजिए। *1*

| | *सूची-I (शब्द / उदाहरण)* | | *सूची-II (वर्ष)* |
|---|---|---|---|
| i. | विकास संचार | 1. | 1969 |
| ii. | एडुसैट | 2. | 2014 |
| iii. | छतेरा ग्राम परियोजना | 3. | 2004 |
| iv. | स्वच्छ भारत मिशन | 4. | 1972 |

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) i – 4, ii – 3, iii – 1, iv – 2 (B) i – 2, ii – 1, iii – 4, iv – 3

(C) i – 3, ii – 2, iii – 4, iv – 1 (D) i – 4, ii – 3, iii – 2, iv – 1

• • •

**9.** Deficiency of which of the following nutrient can result in night blindness ? *1*

(A) Folic Acid (B) Zinc

(C) Vitamin A (D) Riboflavin

**10.** What is the function of hydro extractors in the laundry industry ? *1*

(A) Washing and cleaning clothes

(B) Drying and pressing clothes

(C) Ironing and removing wrinkles from clothes

(D) Drying clothes by getting rid of 60 – 70% moisture

**11.** Match the food hazard given in List-I with its example in List-II. *1*

| | *List-I (Food Hazard)* | | *List-II (Example)* |
|---|---|---|---|
| i. | Physical hazard | 1. | Pesticides |
| ii. | Chemical hazard | 2. | Fly |
| iii. | Visible biological hazard | 3. | Virus |
| iv. | Invisible microbiological hazard | 4. | Feather |

Choose the correct option from the following :

(A) i – 2, ii – 4, iii – 1, iv – 3 (B) i – 4, ii – 1, iii – 2, iv – 3

(C) i – 3, ii – 1, iii – 4, iv – 2 (D) i – 3, ii – 4, iii – 2, iv – 1

**12.** Match the Development Communication term / examples of its methods given in List-I with their related year in List-II. *1*

| | *List-I (Term / example)* | | *List-II (Year)* |
|---|---|---|---|
| i. | Development Communication | 1. | 1969 |
| ii. | EDUSAT | 2. | 2014 |
| iii. | Project Village Chhatera | 3. | 2004 |
| iv. | Swachh Bharat Mission | 4. | 1972 |

Choose the correct option from the following :

(A) i – 4, ii – 3, iii – 1, iv – 2 (B) i – 2, ii – 1, iii – 4, iv – 3

(C) i – 3, ii – 2, iii – 4, iv – 1 (D) i – 4, ii – 3, iii – 2, iv – 1

**13.** वृद्धजनों के लिए बहुसेवा केन्द्र कौन-सी सेवाएँ प्रदान करते हैं ? *1*

(i) गंभीर रूप से बीमार के लिए उपचर्या (नर्सिंग) देखभाल

(ii) दिवस देखभाल तथा स्वास्थ्य देखभाल

(iii) वित्तीय सहायता

(iv) शिक्षा और मनोरंजन के अवसर

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (i) और (ii) (B) (iii) और (iv)

(C) (ii) और (iv) (D) (i) और (iii)

**14.** (क) रोगों के आहार प्रबंधन में उपयोग में लाए जाने वाले चिकित्सीय खाद्यों को पहचानिए। *1*

(i) डिब्बाबंद फल

(ii) कम सोडियम वाला नमक

(iii) लैक्टोस-मुक्त दूध

(iv) पाश्च्चुरीकृत दूध

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (iii) और (iv) (B) (i) और (ii)

(C) (ii) और (iv) (D) (ii) और (iii)

**अथवा**

(ख) FSSAI के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-से तत्त्व कार्यात्मक खाद्य पदार्थ या न्यूट्रास्युटिकल्स में शामिल हो सकते हैं ?

(i) खनिज या विटामिन या प्रोटीन या उनके यौगिक आदि

(ii) आहार का पूरक करने वाले पदार्थों की अनुशंसित दैनिक भत्ते से अधिक मात्रा

(iii) अधिक चीनी व वसा

(iv) पाउडर, सांद्रित या अर्क के रूप में पौधे या वनस्पति

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (i) और (iii) (B) (i) और (iv)

(C) (ii) और (iii) (D) (iii) और (iv)

**13.** Which facilities are provided by multiservice centres for older people ? *1*

(i) Nursing care to the seriously ill

(ii) Day care and health care

(iii) Financial aid

(iv) Educational and entertainment opportunities

Choose the correct option from the following :

(A) (i) and (ii) (B) (iii) and (iv)

(C) (ii) and (iv) (D) (i) and (iii)

**14.** (a) Identify the medical foods which are used in the dietary management of diseases. *1*

(i) Canned fruits

(ii) Low sodium salt

(iii) Lactose-free milk

(iv) Pasteurised milk

Choose the correct option from the following :

(A) (iii) and (iv) (B) (i) and (ii)

(C) (ii) and (iv) (D) (ii) and (iii)

**OR**

(b) According to FSSAI, functional foods or nutraceuticals may contain which of the following ingredients ?

(i) Minerals or vitamins or proteins or their compounds, etc.

(ii) Substances that supplement the diet exceeding the recommended daily allowances

(iii) Excess sugars and fats

(iv) Plants or botanicals in the form of powder, concentrate or extract

Choose the correct option from the following :

(A) (i) and (iii) (B) (i) and (iv)

(C) (ii) and (iii) (D) (iii) and (iv)

## खण्ड ख

## (केस स्टडी-आधारित प्रश्न)

*अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्न संख्या **15** से **18** तक के उत्तर दीजिए।*

बाल्यावस्था तथा विकासात्मक परिवर्तनों और चुनौतियों का प्रशिक्षण व वैज्ञानिक जानकारी उन वयस्कों के लिए और भी अधिक महत्त्वपूर्ण है जो प्रारंभिक बाल्यावस्था कार्यक्रमों का चयन अपनी जीविका के लिए करते हैं। प्रारंभिक बाल-देखभाल व्यावसायिक अपने बच्चों के अतिरिक्त अन्य बच्चों के प्रति भी उत्तरदायी होते हैं। बाल-देखभाल व्यावसायिकों के रूप में किए जाने वाले क्रियाकलाप उनके काम के भाग होते हैं और उन्हें इसके लिए औपचारिक पहचान मिलती है। शिक्षक और देखभाल करने वालों पर उन बच्चों की, जो बेशक उनकी जैविक संतान नहीं होते हैं, तथा वे जिस संस्थान में काम करते हैं, और वृहतर समाज की ज़िम्मेदारी भी उन पर होती है।

**15.** ई.सी.सी.ई. के संदर्भ में, सही युग्म का चयन कीजिए : *1*

(A) प्रारंभिक बाल्यावस्था : जन्म से लेकर 8 वर्ष

(B) टॉडलर : 5 से 8 वर्ष

(C) एन.सी.एफ. : नई पाठ्यचर्या रूपरेखा

(D) आई.सी.डी.एस. : वृद्धजनों के लिए कार्यक्रम

**16.** सूची-I में दिए गए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा से संबंधित शिक्षाविदों/संकल्पना का मिलान सूची-II में दिए उनके विवरण से कीजिए। *1*

| *सूची-I (शिक्षाविद्/संकल्पना)* | *सूची-II (विवरण)* |
|---|---|
| i. मारिया मॉन्टेसरी | 1. बच्चों को ख्याल रखने वाले, देखभाल करने वाले और जानकार वयस्क की जरूरत होती है। |
| ii. जीन पियाजे | 2. शिशुओं और छोटे बच्चों की देखभाल के लिए एक संस्थागत व्यवस्था |
| iii. लेव व्यागोत्सकी | 3. बच्चों को घटनाओं को अपने तरीके से समझने के लिए अनुकूल परिवेश की आवश्यकता होती है। |
| iv. शिशु केन्द्र (क्रेच) | 4. प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के सिद्धांतों पर आधारित विद्यालयों की रूपरेखा |

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) i – 2, ii – 4, iii – 1, iv – 3 (B) i – 3, ii – 1, iii – 2, iv – 4

(C) i – 4, ii – 3, iii – 2, iv – 1 (D) i – 4, ii – 3, iii – 1, iv – 2

• • •

## SECTION B
## (Case Study-Based Questions)

*Read the passage carefully and answer the questions no.* ***15*** *to* ***18****.*

Training and scientific knowledge of childhood, developmental changes and challenges is even more critical for those adults who choose early childhood programmes as a career. Early child care professionals are responsible for children other than their own. The activities they perform as child care professionals constitute their work and they receive formal recognition for this. Teachers and caregivers are responsible to children who may not be their biological offspring, and to the institution they work for, as well as the larger society.

**15.** In the context of ECCE, choose the correct pair : *1*

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | Early childhood | : | Birth to 8 years |
| (B) | Toddler | : | 5 to 8 years |
| (C) | NCF | : | New Curriculum Framework |
| (D) | ICDS | : | Programme for the elderly |

**16.** Match the educators/concept of Early Childhood Care and Education given in List-I with its description in List-II. *1*

| | *List-I* *(Educator / Concept)* | | *List-II* *(Description)* |
|---|---|---|---|
| i. | Maria Montessori | 1. | Children need a concerned, caring and knowledgeable adult |
| ii. | Jean Piaget | 2. | Institutional setting for the care of infants and young children |
| iii. | Lev Vygotsky | 3. | Children need a supportive environment to explore phenomena in their own ways |
| iv. | Crèche | 4. | Outline of schools based on the principles of early childhood education |

Choose the correct option from the following :

(A) i – 2, ii – 4, iii – 1, iv – 3 (B) i – 3, ii – 1, iii – 2, iv – 4

(C) i – 4, ii – 3, iii – 2, iv – 1 (D) i – 4, ii – 3, iii – 1, iv – 2

• • •

**17.** नीचे दिए गए दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। *1*

*अभिकथन (A) :* बड़े बच्चों और वयस्कों की तुलना में छोटे बच्चे कम समय तक ही ध्यान केन्द्रित कर सकते हैं।

*कारण (R) :* विद्यालय पूर्व (प्री-स्कूल) शिक्षक को अपनी पाठ योजनाओं और कार्यनीतियों को छोटे बच्चों की ज़रूरतों के अनुसार तुरंत बदलना चाहिए।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

**18.** नीचे दिए गए दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। *1*

*अभिकथन (A) :* ई.सी.सी.ई. के मार्गदर्शी सिद्धांत अनुभवजन्य अधिगम को महत्त्व देते हैं।

*कारण (R) :* 8 – 12 माह का छोटा बच्चा, अनजान व्यक्ति के प्रति भय प्रदर्शित कर सकता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

## खण्ड ग

## (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

**19.** (क) लंबे समय से बीमार एक व्यक्ति को उसके परिवार ने जिला अस्पताल में भर्ती किया है। यह स्वास्थ्य देखभाल का कौन-सा स्तर है ? यदि उसके स्वास्थ्य में सुधार नहीं होता है, तो उसे स्वास्थ्य देखभाल के किस स्तर पर स्थानांतरित किया जाएगा ? *2*

**अथवा**

(ख) पोषक तत्त्वों के अपर्याप्त अंतर्ग्रहण से कुपोषण से ग्रसित होने का खतरा बढ़ जाता है। शरीर में वृहत एवं सूक्ष्म पोषक तत्त्वों की कमी के लिए जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता है, उनके नाम लिखिए।

**20.** 16 वर्षीय भूरा को मोबाइल फोन छीनने पर पुलिस ने पकड़ा और कानून का उल्लंघन करने पर हिरासत में भेज दिया। उसे किस अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया ? इस अधिनियम का सरोकार बच्चों के किन दो संवर्गों से है ? *2*

**17.** Given below are two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R). *1*

*Assertion (A) :* Young children have a short attention span when compared with older children and adults.

*Reason (R) :* A pre-school teacher should quickly change her lesson plan and strategies to deal with the needs of young children.

Select the most appropriate answer from the options given below :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**18.** Given below are two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R). *1*

*Assertion (A) :* Guiding principles of ECCE emphasise on experiential learning.

*Reason (R) :* A young baby of around 8 – 12 months can show fear of unknown people.

Select the most appropriate answer from the options given below :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

## SECTION C
## (Short Answer Questions)

**19.** (a) A person suffering from prolonged illness has been admitted to district hospital by his family. Which level of health care is this ? If his health does not improve, then which level of health care will he be shifted to ? *2*

**OR**

(b) Insufficient intake of nutrients increases the risk of malnutrition. Write the names of terms used for the deficiency of macro and micro nutrients in the body.

**20.** 16-year-old Bhura is caught by the police for snatching a mobile phone and sent to custody for violating the law. Under which Act was he arrested ? Mention the two categories of children defined under this Act. *2*

• • •

**21.** खाद्य पदार्थों को उनकी नष्ट होने की क्षमता के आधार पर वर्गीकृत कीजिए। किसी एक प्रकार का कोई एक उदाहरण भी दीजिए। *2*

**22.** उदासीन रंग क्या होते हैं ? कोई दो उदाहरण दीजिए। *2*

**23.** किन दो तरीकों से व्यावसायिक धुलाई घर, घरेलू धुलाई घर से भिन्न होते हैं ? समझाइए। *2*

**24.** एक खाद्य फैक्टरी स्नैक्स की कुछ नई रेसिपी बाज़ार में लाना चाहती है । नए प्रकार की रेसिपी विकास के लिए उनके व्यावसायिकों में कौन-से चार प्रकार के ज्ञान व कौशल होने चाहिए ? *2*

**25.** (क) दो कारण देकर बताइए कि भारत में जन स्वास्थ्य पोषण पर ध्यान केंद्रित करना क्यों आवश्यक है। *2*

**अथवा**

(ख) पोषण समस्याओं का सामना करने के लिए भारत सरकार द्वारा बनाई गई लंबी अवधि की कोई दो योजनाओं का उल्लेख कीजिए।

**26.** (क) किरण मज़ूमदार-शॉ बायोकॉन लिमिटेड की अध्यक्ष, एक प्रख्यात उद्यमी महिला हैं। उनके जैसे सफल उद्यमियों में कौन-सी तीन व्यक्तिगत विशेषताएँ अवश्य होनी चाहिए ? *3*

**अथवा**

(ख) छात्रों का एक समूह बाल लिंग अनुपात को सुधारने के लिए पानीपत, हरियाणा में शुरू की गई योजना पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करना चाहता है । इस योजना का नाम पहचानिए। यह किस वर्ष में शुरू की गई थी ? इस योजना का कोई एक अन्य उद्देश्य भी लिखिए ।

**27.** बच्चों, युवाओं या वृद्धजनों के लिए किसी संस्थान/कार्यक्रम में कार्यरत व्यक्ति को किन दो प्रकार के कौशलों की जानकारी होनी चाहिए ? उपर्युक्त क्षेत्र में रोज़गार अर्जित करने के लिए आवश्यक किसी एक पाठ्यक्रम का सुझाव दीजिए। *2+1*

**28.** (i) उस राष्ट्रव्यापी अभियान का नाम बताइए जो एच.आई.वी./एड्स के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने पर केंद्रित था। *3*

(ii) इस अभियान की यात्रा कहाँ से शुरू हुई थी ?

(iii) उपभोक्ता जागरूकता के लिए भारत में कौन-सा अभियान शुरू किया गया था ?

• • •

**21.** Classify foods based on their perishability. Also give an example of any one type. *2*

**22.** What are neutral colours ? Provide any two examples. *2*

**23.** Explain in which two ways is commercial laundry different from household laundry. *2*

**24.** A food factory wants to launch few new recipes of snacks in the market. To create innovative recipes, which four types of knowledge and skills should their professionals have for recipe development ? *2*

**25.** (a) State two reasons why it is essential to focus on public health nutrition in India. *2*

**OR**

(b) Mention any two long-term strategies laid down by the Government of India to tackle nutritional problems.

**26.** (a) Kiran Mazumdar-Shaw, the Chairperson of Biocon Ltd. is an eminent woman entrepreneur. Which three personal qualities must a successful entrepreneur like her possess ? *3*

**OR**

(b) A group of students wish to present a Nukkad natak based on the scheme launched in Panipat, Haryana to improve the child gender ratio. Identify the name of this scheme. In which year was it launched ? Also state its any one other objective.

**27.** Knowledge of which two types of skills would be needed by a person working in an institution/programme for children, the youth or the elderly ? Suggest any one course required for seeking employment in the above field. *2+1*

**28.** (i) Name the nationwide campaign which was focused on generating awareness about HIV/AIDS. *3*

(ii) From where did the journey of this campaign start ?

(iii) Which campaign had been started for consumer awareness in India ?

• • •

**29.** (क) धुलाई प्रबंधन में लघु अवधि पाठ्यक्रम करने के पश्चात एक व्यक्ति किन तीन कार्यक्षेत्रों में जीविका बना सकता है ? *3*

**अथवा**

(ख) बाज़ार में उपलब्ध तीन प्रकार की धुलाई मशीनों के विषय में चर्चा कीजिए।

**खण्ड घ**

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)**

**30.** (i) किसी व्यक्ति की बीमारी में पोषण देखभाल के लिए की गई कोई एक गतिविधि बताइए।

(ii) रोगी की चिकित्सीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आहार को किन तीन तरीकों से संशोधित किया जा सकता है ? *1+3=4*

**31.** रूही ने बाज़ार में जूतों पर 80% सेल का बैनर देखा और वहाँ खरीदारी के लिए चली गई।

(i) इस संदर्भ में, एक उपभोक्ता के रूप में वह किन दो समस्याओं का सामना कर सकती है, संक्षेप में समझाइए।

(ii) सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए गए किन्हीं चार अधिकारों की सूची बनाइए। *2+2=4*

**32.** (क) प्राचीन काल से ही पूरे विश्व में उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए सरकारी प्राधिकरणों द्वारा खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता के मानकों को विकसित किया गया है।

(i) डब्ल्यू.टी.ओ. (WTO) एक ऐसी ही संस्था है जो इसमें योगदान देती है। इसका पूरा नाम लिखिए तथा यह किस वर्ष में स्थापित की गई थी ?

(ii) भारत में उपभोक्ताओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एक योजना स्वैच्छिक उत्पादन प्रमाणीकरण भी है। इस योजना के अंतर्गत दो मानक चिह्नों के नाम दीजिए। *2+2=4*

**अथवा**

(ख) "खाद्य गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाएँ खाद्य सुरक्षा मानकों का अनुसरण देश के भीतर और देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए भी करतीं हैं।"

(i) इस कथन के समर्थन में, खाद्य मानकों के चार स्तरों का उल्लेख कीजिए।

(ii) आई.एस.ओ. 9000 गुणवत्ता आवश्यकताओं का एक अंतर्राष्ट्रीय संकेत संदर्भ है। आई.एस.ओ. का पूरा नाम बताइए तथा संक्षेप में इसका विवरण दीजिए।

**29.** (a) After doing a short-term course in laundry management, in which three fields of work can a person make a career ? *3*

**OR**

(b) Discuss three types of washing machines available in the market.

## SECTION D
## (Long Answer Questions)

**30.** (i) State any one activity carried out for nutritional care of any individual during illness.

(ii) In which three ways can diets be modified to meet the medical needs of the patient ? *1+3=4*

**31.** Roohi saw a banner of 80% sale on shoes in the market and went there for shopping.

(i) In this context, briefly explain two problems which she might face as a consumer.

(ii) List any four rights which have been provided to the consumers by the government. *2+2=4*

**32.** (a) Since ancient times, governing authorities in the world have developed food safety and quality standards to protect the health of consumers.

(i) WTO is one such organisation that contributes to it. Write its full name and the year it was established.

(ii) In India, one of the schemes for safeguarding consumer's health is voluntary product certification. Name two standard marks under this scheme. *2+2=4*

**OR**

(b) "Food quality testing laboratories also adhere to food standards to facilitate trade between nations and within the country."

(i) In support of this statement, mention four levels of food standards.

(ii) ISO 9000 is an international reference for quality requirement. Write the full form of ISO and describe it briefly.

• • •

**33.** एक व्यक्ति हल्की नीली टी-शर्ट के साथ गहरी नीली जींस तथा नीले स्पोर्ट्स शूज़ पहने हुए है।

(i) पहचानिए उसका परिधान किस रंग सुमेल/योजना को प्रदर्शित कर रहा है । इसी रंग सुमेल/योजना का एक अन्य उदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

(ii) रंग योजनाओं को किन दो समूहों में बाँटा जा सकता है, उनके नाम दीजिए। *2+2=4*

**34.** (क) करिश्मा 20 वर्षों से आतिथ्य उद्योग में काम कर रही है । अब वह इस उद्योग के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए एक अकादमी स्थापित करना चाहती है । उसकी अकादमी को किन छह अनिवार्य योग्यताओं तथा दो प्रबंधकीय कार्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ? *3+2=5*

**अथवा**

(ख) सोमवीर तीन सितारा होटल में कार्यरत माली है तथा वहाँ के उद्यान के रखरखाव का कार्य करता है। बताइए वह उस होटल के किस विभाग के अंतर्गत कार्यरत है। इस विभाग के कोई अन्य चार वर्गों की सूची बनाइए। इस विभाग का प्रमुख कौन होता है ? इसमें कार्यरत कोई एक अन्य कर्मचारी का नाम बताइए।

**35.** 'देसी हेरिटेज बाज़ार' एक विभागीय स्टोर है, जिसमें फ़ैशन के कपड़े, खेल का सामान और सौंदर्य उत्पाद बेचे जाते हैं।

(i) फ़ैशन के खुदरा व्यापार में कौन-से दो अन्य स्टोर होते हैं ? संक्षेप में समझाइए।

(ii) फ़ैशन चक्र के अनुसार, जब फ़ैशन लोकप्रियता की परकाष्ठा पर पहुँच जाता है, तो उसके अगले दो स्तर कौन-से हैं ? *3+2=5*

**33.** A person is wearing a light blue T-shirt with dark blue jeans, and blue sports shoes.

(i) Recognize which colour harmony/scheme is being reflected in his apparel. Present any one other example of this colour harmony/scheme.

(ii) Into which two groups can the colour harmony/scheme be divided, provide their names. *2+2=4*

**34.** (a) Karishma has been working since 20 years in the hospitality industry. She now wants to establish an academy to train personnel for this industry. Which six essential competencies and two managerial functions should her academy focus on ? *3+2=5*

**OR**

(b) Somveer is a gardener working in a three star hotel and maintaining its garden. State under which department of the hotel he is working in and make a list of any four sections of this department. Who is the head of this department ? Name any one other personnel working in it.

**35.** 'Desi Heritage Bazaar' is a departmental store where fashionable clothes, sporting goods and beauty products are sold.

(i) Which are the other two stores in fashion retail business ? Explain briefly.

(ii) According to the fashion cycle, when fashion is at the peak of its popularity, what are its next two stages ? *3+2=5*